DATE ___/___/___

Tender Heart School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date -                    Class - IV
Subject - Hindi Language.     Page - 1
Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

'पर्यायवाची शब्द'

सुप्रभात बच्चो !

यह पाठ 'पर्यायवाची' कक्षा चौथी, हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो यह पाठ आपको 18 अक्तूबर, 2021 को भेजा जाएगा। यह आवाज़ रोमा रानी की है।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'पर्यायवाची' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो अब मैं आपको 'पर्यायवाची शब्दों के बारे में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं 'पर्यायवाची शब्द' समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यान-पूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

प्यारे बच्चो ! क्या आप अपने घर पर लगे पेड़ों को पानी देते हैं और उन पेड़ों पर फूल भी लगाते होंगे। जरा सोचो आप इस बात को और कैसे बोल सकते हो।

जैसे :- आप अपने घर पर लगे वृक्षों को जल या नीर देते होंगे और उन तरुओं पर पुष्प भी लगाते होंगे।

बच्चो ! अब ध्यानपूर्वक देखो एवं समझो कि इन वाक्यों में आपने पहले वाक्य में पेड़ को पानी दिया और दूसरे वाक्य में आपने वृक्ष को जल या नीर दिया।

पहले वाक्य में पेड़ पर फूल लगाते हैं और दूसरे वाक्य में तरु पर पुष्प लगाते हैं।

अब ध्यान से देखो एवं समझो कि दोनों वाक्यों में एक ही बात बताई जा रही है।

DATE / /

Date -
Class - IV
Subject - Hindi Language
Page - 2
Teachers - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

यहाँ पेड़ के लिए वृक्ष और तरु शब्दों का प्रयोग किया गया है। पानी के लिए जल या नीर शब्दों के प्रयोग किया गया है।
फूल के लिए पुष्प शब्द का प्रयोग किया गया है।
बच्चो! आपने देखा फिर भी वाक्यों के अर्थ में कोई अंतर नहीं है। इन्हें समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहते हैं।
इस प्रकार :-
एक समान अर्थ देने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं।
बच्चो ! मैंने आपको पर्यायवाची शब्दों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।
प्रश्न 1. पर्यायवाची शब्द किन्हें कहते हैं ?
प्रश्न 2. नीर का पर्यायवाची शब्द लिखें ?
प्रश्न 3. पर्यायवाची शब्दों को और क्या कहते हैं ?

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है, अब मैं आपको उन प्रश्नों के उत्तर बता रही हूँ, जो मैंने आपसे पूछे थे।
उत्तर 1. एक समान अर्थ देने वाले शब्दों को पर्यायवाची कहते हैं।
उत्तर 2. जल
उत्तर 3. समानार्थी शब्द
प्यारे बच्चो ! अब मैं आपको पर्यायवाची शब्द करवाऊँगी जिन्हें आप ध्यानपूर्वक समझेंगे। एवं

Date -                    Class - IV

Subject - Hindi Language        Page - 3

Teachers - Ms. Roma Rani.

Ms. Suman Sharma.

| | शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|---|
| 1. | माँ | माता, जननी |
| 2. | सूरज | सूर्य, रवि |
| 3. | दुनिया | जगत, संसार |
| 4. | जंगल | कानन, वन |
| 5. | नाव | नौका, तारिणी |
| 6. | राजा | भूपति, नरेश |
| 7. | अँधेरा | अँधकार, तम |
| 8. | ईश्वर | भगवान, प्रभु |
| 9. | घर | गृह, भवन |
| 10. | आकाश | नभ, गगन |
| 11. | जल | पानी, नीर |
| 12. | दिन | दिवस, वार |
| 13. | नारी | स्त्री, महिला |
| 14. | पुत्र | बेटा, लाल |
| 15. | वृक्ष | पेड़, तरु |

बच्चो। मैंने आपको जो 'पर्यायवाची शब्द' करवाए हैं, उनके आधार पर अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन सभी प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(क) जंगल ............ ............

(ख) पुत्र ............ ............

(ग) आकाश ............ ............

DATE / /

Date- Class - IV
Subject - Hindi Language Page - 4
Teachers - Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma.

(घ) ईश्वर ........................ ........................

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

(क) कानन, वन
(ख) बेटा, लाल
(ग) नभ, गगन
(घ) भगवान, प्रभु

बच्चो ! मैंने आपको 'पर्यायवाची शब्द' समझा दिए हैं। आशा है, सभी छात्रों ने इन्हें ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा होगा। अभिभावकों से भी मेरा अनुरोध है कि बच्चों को पर्यायवाची शब्द समझने में उनकी सहायता करें।
अब मैं आपको गृहकार्य दूँगी, जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

- बच्चो ! ऊपर कराए गए सभी 15 'पर्यायवाची शब्द' आप अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

धन्यवाद।

Last page